ऑपरेशन मुस्कान के तहत कसरावद पुलिस ने नाबालिग बालिका को किया दस्तायाब

अपहृता को सकुशल परिवारजनों के किया सुपुर्द

इंदौर समाचार सेवकराम चौबे
कसरावद पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग के द्वारा नाबालिग बालक व बालिकाओं से संबंधित अपहरण के प्रकरणों में अधिक से अधिक दस्तायबी करने हेतु निर्देशित किया गया था।

जिसके परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती शकुंतला रहुल जिला खरगोन के द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व थाना प्रभारियों को नाबालिग बालक व बालिकाओ की दस्तयाबी करने हेतु निर्देशित किया गया था। उपरोक्त निर्देशों के पालन में एसडीओपी श्वेता शुक्ला अनुविभाग मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन थाना प्रभारी कसरावद को नाबालिग बालिका की दस्तयाबी करने में सफलता हासिल हुई है। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिक बालिका को सकुशल दस्तयाब किया।

कार्यवाही की विवरण ङ्क पुलिस थाना कसरावद पर दिनांक 09.04.2026 को फरियादी

की सूचना पर नाबालिग बालिका उम्र 17 वर्ष को अपहृत कर ले जाने के संबंध में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 120/26 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था विवेचना के दौरान अपहृता बालिका की तलाश लगातार की जा रही थी किन्तु अपहृता के संबंध में कोई ठोस जानकारी प्राप्त नहीं हो रही थी बाद आज दिनांक 13.04.2026 को अपहर्ता अपने माता के साथ तलब करने उपस्थित हुई जिसे पंचनों के समक्ष सकुशल दस्तयाब किया गया बाद घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर कथन लेख किए गए जिसने अपने कथन में किसी प्रकार के अपराध का घटित नहीं होना बताया बाद अपहृता के परिजनों के कथन लेख किए गए जिन्होंने अपहृता के कथनों की पुष्टी की बाद अपहृता को उसके परिवारजनों के सुपुर्द किया गया।

सराहनीय कार्य ङ्क उक्त प्रकरण मे अनुविभागीय अधिकारी मण्डलेश्वर श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में उनि महेश यादव, उनि रीना एक्का, प्रआर.659 महेश मालवीय, आर.776 रामू भदौरिया, एवं म.आर.897 वंदना भदौरिया का विशेष योगदान रहा।

भाजपा नगर मण्डल ने गांव चलो बूथ चलो अभियान के तहत अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

बड़वाह... सोमवार,भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गांव चलो बूथ चलो अभियान के तहत बस स्टेशन स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पहले परिसर की साफ़-सफाई करके स्वछता अभियान चलाया। इसका नेतृत्व भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष दिनेश कोठिया ने किया। भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता के मार्गदर्शक में मण्डल के सदस्यों ने गाँव चलो बूथ चलो अभियान के तहत बस स्टेशन पर सबसे पहले स्वछता अभियान चलाकर साफ़-सफाई की। इसके बाद बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता के सौजन्य से नगर मण्डल कार्यकर्ताओ ने 21 बूथ अध्यक्षों को बाबा साहेब का चित्र भेंट किया।

विधायक प्रतिनिधि मिट्ठू भाटिया, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री महीम ठाकुर,महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य धनलक्ष्मी शर्मा,नगर महामंत्री महेंद्र अमर्हे,सुरेन्द्र पंडया,रूपसिंह रावत,एल्डरमैन संजय जैन,रोमेश विजयवर्गीय,पार्षद रजनी भंडारी,गौतम खंडेलवाल,मिक्की चौहान,अधिश सोनी,विजय वर्मा,भैयालाल गुर्जर,रोहित डालुका,निर्मल दांगी,सुरेश वाघे,वसीम गुड्डा,डॉ.एनएस सोलंकी,राजेश गुर्जर,लखन गडगोती,प्रशांत शर्मा,रवि वर्मा,शिवा वर्मा,राहुल वर्मा,मीणा चौहान,रुपाली जैन सहित समस्त बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मोजूद थे।

अब हम कैसे हो गए अयोग्य टीईटी मुद्दे पर ब्लॉक के शिक्षकों का फूटा गुस्सा प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन

नागदा जं. निप्र। पहले नौकरी दी अब आरोग्य बता रहे हैं इसी नाराजगी के साथ शनिवार को सैकड़ो शिक्षकों ने स्थानीय बालक हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर में प्रदर्शन किया। शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भड़के आक्रोश ने आंदोलन का रूप ले लिया। वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षक अब खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और सरकार से सवाल कर रहे हैं कि आखिर 25 साल बाद उनकी योग्यता पर ही सवाल क्यों खड़ा किया जा रहा है।

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पूरा लाल गुजराती ने बताया कि टीईटी के विरोध में आज मुख्यमंत्री के नाम`एसडीएम महोदय को ज्ञापन दिया गया। साथ यह भी बताया कि आगामी 18 अप्रैल को प्रदेश भर के अध्यापक शिक्षक साथियों द्वारा भोपाल में बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसमें नागदा ब्लॉक से भी सैकड़ों शिक्षक साथी सम्मिलित होंगे।

इस अवसर पर पूरा लाल गुजराती, गोपी राम सैनी, तरुना भाटी, चंद्रशेखर जोशी, वेदेश चंदेल, करण सिंह गौड़, लेखा पोरवाल, सुमित्रा चौहान, हनीफ खान मंसूरी, प्रकाश सिसोदिया, जितेंद्र जैन, राजू चौहान, कैलाश अकोदिया, मुकेश रघुवंशी सहित अनेक अध्यापक साथी मौजूद रहे। ज्ञापन का वाचन दुबे मैडम द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन पूरा लाल गुजराती द्वारा किया गया।

मनोहर वाटिका कॉलोनी में सीवरेज व्यवस्था ध्वस्त होने से पूरी कॉलोनी में गंदा पानी फैल रहा है

नागदा जं. निप्र। स्थानीय मनोहर वाटिका कॉलोनी में सीवरेज व्यवस्था ध्वस्त होने से रहवासियों का जीना दूभर हो गया है। कॉलोनी में हाल ही में निम्न आय वर्ग के लिए बनाए गए 24 फ्लैट्स के कारण गंदे पानी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। आरोप है कि इन फ्लैट्स के लिए अलग से सीवरेज और सेप्टिक टैंक की व्यवस्था नहीं की गई, जिससे पूरी कॉलोनी में गंदा पानी फैल रहा है।

रहवासियों के अनुसार, कॉलोनी की सीवरेज व्यवस्था पिछले 12 वर्षों से सुचारू रूप से चल रही थी, लेकिन नए फ्लैट्स के निर्माण के बाद स्थिति बिगड़ गई। जगह-जगह गंदा पानी जमा होने से भारी बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सीवरेज लाइन के वाल्व को भी सड़क निर्माण के दौरान बंद कर दिया गया है। कुछ स्थानों पर पत्थर डालकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया, जिससे निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। इसके कारण सड़कों और खाली प्लॉट्स में गंदा पानी भर रहा है।

मामले में नगर पालिका और कॉलोनाइजर के बीच जिम्मेदारी को लेकर विवाद भी सामने आया है। नगर पालिका का कहना है कि नए फ्लैट्स का हैंडओवर अभी नहीं हुआ है, जबकि कॉलोनाइजर का दावा है कि फ्लैट्स सौंपे जा चुके हैं। नागरिक अधिकार मंच द्वारा इस गंभीर समस्या को लेकर जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर एसडीएम श्रीमती रंजना पाटीदार द्वारा स्पष्ट आदेश भी जारी किए गए, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

कोठरी में महिला से चेन स्नैचिंग, कुछ जेब कतरे पुलिस के हत्थे चढ़े

मुख्यमंत्री के रोड शो के दौरान दर्जनों लोगों की जेबकतरी

आष्टा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आष्टा प्रवास के दौरान आयोजित रोड शो में भारी भीड़ का फायदा उठाते हुए जेबकतरों ने जमकर वारदातों को अंजाम दिया। विशेषकर रोड शो के दौरान विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा लगाए गए मंचों के आसपास जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित थे, वहां जेबकतरों ने सक्रिय होकर कई लोगों की जेबें साफ कर दीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान कॉलोनी चौराहा के समीप बनाए गए अखंड ब्राह्मण समाज के मंच पर

जब इक्यावन किलो वजन के पुष्पहार मुख्यमंत्री को पहनाने जा रहे थे उस दौरान डॉ. अतुल उपाध्याय, डॉ. कृष्णकांत शर्मा, उदयनारायण तिवारी की, कृषि उपज मंडी गेट के सामने चांदमल जैन सहित कई अन्य लोगों की जेबें काटी गईं, जिनमें हजारों रुपए नगद

रखे हुए थे। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा- तफरी का माहौल बन गया। हालांकि नगर निरीक्षक गिरीश दुबे के अनुसार पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ संदिग्ध जेबकतरों को पकड़ लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है।

इधर, 12 अप्रैल को कोठरी क्षेत्र में भी एक चेन स्नैचिंग की वारदात सामने आई। जानकारी के अनुसार, सकड़ी गली से गुजर रही दो महिलाओं में से एक, आष्टा निवासी कैलाश जैन (चित्रलोक) की पत्नी के गले से अज्ञात बदमाश ने करीब दो तोले वजनी सोने की चेन उस समय झपट ली जब वह दिगंबर जैन संत संस्कार सागर मुनिराज को आहार देने के लिए जा रही थी, उस दौरान उनके गले की सोने की चेन झपट ली। घटना के समय बदमाश ने अपने चेहरे को कपड़े से ढंक रखा था। वारदात के बाद दोनों महिलाओं ने उसका पीछा भी किया, लेकिन आरोपी तेजी से भाग निकला और पकड़ में नहीं आ सका।

लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बन गया है। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

संस्कार निर्माण की दिशा में बढ़ते चरण

जैन सोशयल ग्रुप नागदा द्वारा संस्कार निर्माण कार्यशाला सम्पन्न

नागदा जं. निप्र। संस्कार ही सुखद भविष्य के सफल निर्माता हैं। यह बात जैन सोशयल ग्रुप नागदा द्वारा स्नेह कुंज गार्डन में आयोजित रीजन स्तरीय 'संस्कार निर्माण कार्यशाला' कार्यक्रम के दौरान सारस्वत अतिथि विभा गांधी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कही।

दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश रीजन अध्यक्ष राहुल चपडोद ने की। मुख्य अतिथि जैन सोश्यल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के इलेक्ट प्रेसिडेंट मनीष कोठारी थे। विशेष अतिथि इंटरनेशनल डायरेक्टर एचएल मेहता, हेमंत जैन, जयंती लाल फाफरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष उज्जैन ग्रामीण राजेश धाकड़, वरिष्ठ समाजसेवी रवि काठेड़, एसएम सिसौदिया, शरद जैन, दिलीप काठेड़, संजय कोठारी, विजय बरडिया, कीर्ति मोडी, अनिल चौपड़ा, निर्मल मेहता आदि मंचासीन थे।

स्वागत उद्बोधन जैन सोश्यल ग्रुप नागदा के अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंम ने दिया। संस्कार निर्माण कमेटी कन्वीनर श्रेणिक बम ने संस्कार के प्रति इस तरह के आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। सृजक कैरियर प्रेसिडेंट मनीष कोठारी थे। विशेष अतिथि इंटरनेशनल डायरेक्टर एचएल मेहता, हेमंत जैन, जयंती लाल फाफरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष उज्जैन ग्रामीण राजेश धाकड़, वरिष्ठ समाजसेवी रवि काठेड़, एसएम से आए लगभग 150 बच्चों ने सहभागिता कर कार्यशाला का लाभ अर्जन किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज वागरेचा एवं जितेन्द्र पोखरना ने किया एवं आभार सचिव प्रशांत नाहर ने माना।

इसके पूर्व प्रवेश द्वार पर तिलक एवं माला से प्रत्येक बच्चे का स्वागत किया गया। इसके पश्चात ध्वज, दुपट्टे एवं उद्घोषों के साथ भव्य संस्कार रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संस्कार प्रदर्शनी में बच्चों ने संस्कारों से ओतप्रोत अपने विचार ड्राइंग के माध्यम से उकेरे। प्रत्येक ड्राइंग को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात जैन सोश्यल ग्रुप का स्नेह भोज के साथ पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन रखा गया।

इस अवसर पर अरविंद नाहर कमल जैन सुरेन्द्र कांकरिया, संजय मुरडिया, हितेष कांठेड़, अमित बम, रवि संघवी, राजा कर्नावट, साधना जैन, मनीष गांग, सिद्धार्थ कांठेड़, डॉ. विपिन वागरेचा, सुरेश नाहटा, अंकुर जैन, आशीष पोखरना, कुशल भंसाली, ब्रजेश बोहरा, पंकज पावेचा, डॉ. नितिशा वागरेचा, सतीश जैन सावेर वाले, दिलीप गांधी, सुनील गांग, दीपक गांग, मनोज गांग, मनीष भण्डारी, नितिन बुडावन वाला, सचिन सकलेचा, जितेश भण्डारी, प्रकाश चपलोत, गगन बोहरा, राकेश ओरा नूतन, अर्पित सिसौदिया, निलेश छाजेड़, विजय मूणत, शर्मिला बंम, स्नेह मुरडिया, संगीता बम, संध्या संघवी, विभा बम, अंतिमा संघवी, सोनू लोढ़ा, शिखा ओरा, निरंजना बोहरा, सीमा पावेचा आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे।

जैन सोश्यल ग्रुप नागदा द्वारा वर्षीतप आराधकों का बहुमान

नागदा जं. निप्र। तप ही जीवन का वास्तविक सार है, इसी बात को आत्मसात करते हुए नगर के तेरह श्रावक श्राविकाओं द्वारा वर्षीतप आराधना का महायज्ञ सम्पन्नता की ओर अग्रसर है। जैन सोश्यल ग्रुप द्वारा वर्षीतप आराधकों का अनुमोदनार्थ बहुमान किया गया। इस बहुमान समारोह के पूर्व तीर्थंकर चौबीसी का भव्य आयोजन भी रखा गया। सम्पूर्ण आयोजन का लाभ वीरेन्द्र कुमार सुशील कुमार सचिन कुमार सकलेचा परिवार द्वारा लिया गया। स्वागत उद्बोधन ग्रुप अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंम ने दिया। कार्यक्रम का संचालन मनोज वागरेचा ने किया एवं आभार सचिव प्रशांत नाहर ने माना। इस अवसर पर अरविंद नाहर, कमल जैन, दिलीप काठेड़, शरद जैन, मनीष चपलोत, संजय मुरडिया, सिद्धार्थ काठेड़, सुरेश नाहटा, ब्रजेश बोहरा, सतीश जैन सावेर वाले, राकेश ओरा, यशवंत धूपिया, अर्पित सिसौदिया, मनोज कोठारी, दिलीप गांधी, सचिन सकलेचा, साधना जैन, शर्मिला बंम, मनीषा गांग, डॉ नितिशा वागरेचा, संगीता बम, संध्या संघवी, विभा बम आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे।

सप्त दिवसीय योग शिविर का हुआ शुभारंभ

नागदा जं. निप्र। सर्वब्राह्मण महासभा, महिला मंडल एवं श्रीजी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में भगवान श्री परशुरामजी की जयंती के मंगल अवसर पर प्रतिवर्षानुसार आयोजित होने वाले सप्तदिवसीय निःशुल्क योग शिविर का सोमवार को प्रातः 6 बजे शुभारंभ हुआ।

सर्वप्रथम योग प्रशिक्षिका सुश्री प्रीति कांठेड, डॉ अनिल दुबे, श्रीमती वंदना दुबे, कृष्ण चंद्र पुरोहित, डॉ. अग्निवेश पांडे ने भगवान श्री परशुरामजी की तस्वीर पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्ज्वलित किया। स्वस्तिवाचन कवि सुंदरलाल जोशी ने किया। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. जेसी चावडा, विजय व्यास, राजेश तिवारी मौजूद रहे। समस्त शहरवासियों को योग का निःशुल्क प्रशिक्षण श्रीमती कीर्ति शर्मा, सुश्री प्रीति कांठेड द्वारा दिया जायेगा। कृष्णचंद्र पुरोहित एवं डॉ अग्निवेश पांडेय अपना सहयोग संपूर्ण शिविर में प्रदान करेंगे। शिविर में गायत्री मंत्र के सस्वर उच्चारण के साथ सडीलज, चालन क्रिया-गर्दन, कंधे, हाथ, कटि संचालन, जंघा, पैर के सूक्ष्म व्यायाम, शिथिलिकरण करवाते हुए खड़े होकर किये जाने वाले ताडासन के महत्व को प्रतिपादित किया, त्रिकोणासन करवाया। शिविर में करीब 50 साधक उपस्थित रहे एवं सभी से बैठकर किये जाने वाले आसन में वज्रासन, भद्रासन, मंडुकासन, शलभासन, पीठ के बल सोकर उत्तानपादासन, उर्ध्वकटि आसन, पादचक्र आसन, अर्धहलासन, पवनमुक्तासन, पेट के बल सोकर किये जाने वाले भुजंगासन, मकरासन और कपालभाति, अनुलोम-विलोम का अभ्यास, ओम का उच्चारण करवाया। संगीत की मधुर धुन पर एक्सरसाइज करते हुए अंत में खेलप्रशिक्षक कृष्णचंद्र पुरोहित के मार्गदर्शन में ताली बजाकर हास्य योग किया। शिविर संयोजकद्वय डॉ. अनिल दुबे अध्यक्ष सर्वब्राह्मण महासभा तथा डायरेक्टर श्रीजी अस्पताल एवं श्रीमती वंदना दुबे, अध्यक्षा महिला मंडल ने निःशुल्क योग शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर सभी समाजजन, नागरिकगण, प्रबुद्धजनों, योगप्रेमियों से लाभ लेने का आव्हान किया है।

वैष्णव समाज द्वारा वल्लभाचार्य के 547वें प्राकट्य महोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई

नागदा जं. निप्र। वैष्णव समाज द्वारा पुष्टिमार्ग के संस्थापक वल्लभाचार्यजी के 547वें प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर सोमवार को नगर में भव्य एवं श्रद्धामयी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ श्री गोवर्धन नाथजी बखेरी नागदा से हुआ, जहां सुबह से ही मंगल, श्रृंगार एवं राजभोग दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दोपहर बाद प्रारंभ हुई शोभायात्रा में बैंड-बाजों की मधुर धुन, भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। शोभायात्रा में सुसज्जित बग्गी में विराजित वल्लभाचार्य जी का चित्र स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और भक्तिमय वातावरण बना रहा।

उज्जैन में संपन्न प्रांतीय अधिवेशन में डॉ. पंकज मारू लायंस प्रांत के प्रथम उपप्रांतपाल निर्वाचित

नागदा जं. लायंस इन्टरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-जी 2 के उज्जैन मैं आयोजित 9 वें प्रांतीय अधिवेशन में लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर के पूर्व अध्यक्ष और संस्था स्नेह संस्थापक लायन डॉ. पंकज मारू को 83 प्रतिशत सकारात्मक मतों के साथ वर्ष 2026-27 के प्रथम उपप्रांतपाल के रूप में निर्वाचित हुए। उल्लेखनीय है कि लायंस अन्तर्राष्ट्रीय 108 वर्ष पुरानी विश्व की सबसे बड़ी सेवा संस्था है जिसके 200 से अधिक देशों में सदस्य है तथा पुरे विश्व में कुल 750 प्रथम उपप्रांतपाल निर्वाचित होते है।

लायंस क्लब नागदा ग्रेटर के अध्यक्ष लायन डॉ हिमांशु दत्त पाण्डेय ने बताया कि उज्जैन में प्रान्तपाल लायन प्रवीण वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में अतिथि के रूप में लायंस अंतराष्ट्रीय के पूर्व निदेशक पीएमजेएफ लायन राजू मनवानी, गेट वॉइस एरिया लीडर लायन कुलभुषण मित्तल तथा मल्टीपल काउन्सिल चेयरमैन लायन मनीष शाह उपस्थित थे।

अधिवेशन में मध्यप्रदेश के 16 जिलों जिनमें उज्जैन, भोपाल, विदिशा, सागर, टीकमगढ, नर्मदापुरम, हरदा, बैतुल, राजगढ, आगर, रायसेन, सिहोर, सिवनी आदि के 135 क्लबों के 3000 लायन सदस्यों के 800 से अधिक प्रतिनिधियों ने शिरकत की। इस अवसर पर संपन्न प्रांतीय निर्वाचन में प्रांतपाल के रूप में भोपाल के लायन महेश मालवीय तथा द्वितीय उपप्रांतपाल के रूप में उज्जैन के संजय सक्सेना भी निर्वाचित हुए। इस अवसर पर सतीश बजाज, अशोक बिसानी, विनय राज शर्मा, अजय गरवाल, अजय पोरवाल, रोहित प्रजापत, सलीम खान, डॉ. ओम बैरागी, प्रतीक माहेश्वरी, एनके मिश्रा, हरीश तिवारी, सुनील नरूला, वीरेंद्र मालपानी, सुनील त्रिवेदी, अशोक शर्मा, राजेश इंद्र, मनीष गेहलोत, पीडी शुक्ला एवं विप्लव चौहान उपस्थित थें। श्री मारू की इस उपलब्धि पर लायन गोविन्दलाल मोहता, डॉ. एसआर चावला, गुलजारी लाल त्रिवेदी, चन्द्रशेखर जैन, बद्रीलाल पोरवाल मोहता, राकेश पोरवाल, रविन्द्र कुमार चौहान, मुकेश राठौर, मनोहरलाल शर्मा, शरद जैन गबूल, श्याम पोरवाल, सौरभ मोहता, तेजपालसिंह जवेरिया, वैभव कांठेड, विनोद पोरवाल, संदीप कांठेड, राकेश डाबी, मनीष चपलोत, मुकेश जैन, शेर मोहम्मद, जमना मालपानी, दिलीप तिवारी, बाबुलाल प्रजापत, आनन्दीलाल गगरानी, आदि ने बधाई प्रेषित की है।

न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (डॉ. रिकेश कुमार वैश्य), जिला इंदौर (म.प्र.)
(प्रशासनिक संकुल कक्ष क्र. जी 11)
इन्दौर, दिनांक 31-03-2026
क्रमांक/1439/अकरी-2026 **प्रकरण क्र.**/0621/ब-121/2025-2026

पेपर विज्ञप्ति

प्रति,
1. आशीष कुमार
पता :- बी-260 छत्र छाया कॉलोनी पिथमपुर जिला धार (म.प्र.)
पिन 454775
2. संतोष बाई
पता :- 1-बी 260 छत्र छाया कॉलोनी पिथमपुर जिला धार (म.प्र.) पिन 454775
पता नं- 2 सर्वे नं. 763/5/2 फाइनल प्लाट नं. एल आई जी 15, फेस-1 चिज्ञार लेक व्यू महूगांव महूँ जिला इंदौर (म.प्र.) 453441

द्वारा:- पेपर प्रकाशन।

प्राधिकृत अधिकारी, बंधक बैंक लिमिटेड शाखा का पता:- 304-305 बी एम टावर, लोटस शो रूम के सामने, सपना संगीता रोड इंदौर 452001 द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया है कि **बंधक संपत्ति सर्वे नं. 763/5/2 फाइनल प्लाट नं. एल आई जी 15, फेस-1 चिज्ञार लेक व्यू महूगांव महूँ जिला इंदौर (म.प्र.) 453441** पर बकाया ऋण राशि का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूमि संपत्ति का कब्जा ही सौंपा गया हैं। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूमि के रूप में रखी संपत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध में एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर जिला इंदौर **कक्ष क्रमांक जी-11 में दिनांक 15.04.2026 को दोपहर 03:00 बजे होगी।** आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरीक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला इंदौर (म.प्र.)
दिनांक 31/03/26